आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 27.05.2025

मुख्य समाचारः—

1— प्रदेश के दस हजार चार सौ तिरसठ स्कूलों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा—स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश।

2— राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में नारायणपुर जिले के पंडी राम मंडावी को पद्मश्री सम्मान से विभूषित किया।

3— सुकमा जिले में आज अट्ठारह माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया—सभी माओवादियों पर कुल उनतालीस लाख रूपये का इनाम घोषित था।

4— खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने खेल विभाग में सीधी और संविदा पदों पर भर्ती जल्द शुरू करने के दिए निर्देश।

स्कूल—युक्तियुक्तकरण

प्रदेश के दस हजार चार सौ तिरसठ स्कूलों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। विभाग ने ई—संवर्ग के पांच हजार आठ सौ उनचास और टी—संवर्ग के चार हजार छह सौ चौदह स्कूलों के युक्तियुक्तकरण करने का निर्णय लेते हुए इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मीडिया से चर्चा करते हुए युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षक संघों द्वारा किए जा रहे विरोध पर कहा कि यह बच्चों के हित में लिया गया निर्णय है। उन्होंने कहा कि कुछ स्कूलों में शिक्षकों की संख्या ज्यादा तो वहीं कुछ स्कूलों में बहुत कम हैं, युक्तियुक्तकरण के माध्यम से इसे संतुलित किया जाएगा।

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

पद्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म अब से कुछ देर पहले नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में देशभर से चुनी गई विभूतियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। इनमें छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के ग्राम गढ़बेंगाल के पंडी राम मंडावी भी शामिल हैं, जिन्हें राष्ट्रपति ने पद्मश्री सम्मान से विभूषित किया।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

भारत का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों का दौरा करके आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस के संदेश के माध्यम से वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के प्रति पाकिस्तान के समर्थन को उजागर कर रहा है। फ्रांस में दल का नेतृत्व कर रहे भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपनी एकजुटता का संदेश दुनिया को देना चाहता है।

अन्य सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने कल दक्षिण कोरिया, कुवैत, कतर, कांगो गणराज्य और स्लोवेनिया के नेताओं को आतंकवाद के किसी भी कृत्य का दृढ़ता से जवाब देने के भारत के नए सिद्धांत के बारे में जानकारी दी। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल सांसद तेजस्वी सूर्या ने गयाना की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष के समक्ष अपने भाषण में पाकिस्तान के आतंकवादी कृत्यों के तथ्य प्रस्तुत किए। कुवैत में भाजपा सांसद बैजयंत पांडा ने कहा कि भारत अब पाकिस्तान से आतंकवाद के सामने चुप नहीं बैठेगा

और इसका कड़ा जवाब देगा। श्री पांडा ने कहा कि भारत अब परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा।

राज्यपाल–कोंडागांव

राज्यपाल रमेन डेका ने आज कोंडागांव प्रवास के दौरान जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में राज्यपाल ने केन्द्र और राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से फील्ड पर जाने और हितग्राहियों से फीडबैक लेने को कहा। बैठक में राज्यपाल ने जल संरक्षण और संचयन पर जोर दिया तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सहभागिता बढ़ाने की अपील की।

अपने प्रवास के दौरान राज्यपाल ने कोंडागांव जिला कार्यालय परिसर में मौल श्री का पौधा लगाया।

मुख्यमंत्री–सारंगढ़–बिलाईगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के कनकबीरा गांव में सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जन चौपाल में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कनकबीरा के आश्रित ग्राम नरगीखोल में लात नाला पर पुलिया निर्माण के साथ ही मंगल भवन, कन्या छात्रावास और गोड़म में पंचायत भवन निर्माण की घोषणा की।

खेल मंत्री–निर्देश

खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने खेल विभाग में सीधी और संविदा पदों पर भर्ती जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। आज रायपुर में आयोजित खेल और युवा कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में श्री वर्मा ने अधिकारियों से राज्य खेल अलंकरण के लिए विज्ञापन जारी करने को कहा। बैठक में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा संचालित खेल गतिविधियों, अधोसंरचनात्मक कार्यों, युवा गतिविधियों जैसे विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों से चर्चा की गई। उन्होंने बलौदाबाजार–भाटापारा, रायगढ़, सारंगढ़–बिलाईगढ़, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई और मोहला–मानपुर–अम्बागढ़ चौकी जिलों में प्रशिक्षक की नियुक्ति करने और प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

माओवादी आत्मसमर्पण/मुठभेड़

सुकमा जिले में आज अट्ठारह माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इन सभी माओवादियों पर कुल उनतालीस लाख रूपये का इनाम घोषित था। इनमें बस्तर डिवीजन और पी.एल.जी.ए. बटालियन नंबर–एक से जुड़े चार हार्डकोर माओवादी भी शामिल हैं। आत्समसमर्पण करने वाले माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत प्रोत्साहन राशि के साथ अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

कोयला खदान–हादसा

कोरबा जिले में साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड–एस.ई.सी.एल. की दीपका और गेवरा कोयला खदान में आज हुए हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। जबकि, एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। आरोप है कि ये तीनों युवक कोयला चोरी करने खदान के भीतर गए थे। इसी दौरान खदान के धसकने से इनमें से दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवकों के शव को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

ईओडब्ल्यू–चालान

आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने डीएमएफ घोटाला मामले में शामिल तत्कालीन उपसचिव सौम्या चौरसिया और कलेक्टर रानू साहू सहित नौ अन्य आरोपियों के खिलाफ चालान पेश कर दिया है। लगभग छह हजार पन्नों का यह चालान रायपुर के विशेष न्यायालय में पेश किया गया। वर्तमान में सभी आरोपी न्यायिक रिमांड पर रायपुर के केंद्रीय जेल में बंद हैं।

नशीली दवाइयां–कार्रवाई

खाद्य और औषधि विभाग द्वारा नशीली दवाइयों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में दुर्ग जिले में नशीली दवाइयों की अवैध खरीद–बिक्री में संलिप्त पाए जाने पर एक मेडिकल संचालक सहित चार व्यक्तियों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्स्टेंसेस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, सरगुजा जिले में भी गर्भपात कराने वाली औषधियों के अवैध व्यापार में संलिप्त मेडिकल स्टोर्स के खिलाफ औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

इसके अलावा धमतरी, बस्तर, दुर्ग, बिलासपुर, महासमुंद, बेमेतरा, कोरबा और गरियाबंद जिलों के औषधि निरीक्षकों द्वारा कोटपा अधिनियम के तहत शिक्षण संस्थानों के पास स्थित पान दुकानों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चालान काटकर दस हजार रूपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

खेलो इंडिया–पदक

बिहार के पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय में चार से पंद्रह मई तक आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौदह पदक जीते हैं। इनमें तीन स्वर्ण, एक रजत और दस कांस्य पदक शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के एक सौ पैंतीस सदस्यीय दल ने हिस्सा लिया था, जिसमें एक सौ छह खिलाड़ी और उनतीस सपोर्ट स्टाफ शामिल थे। खिलाड़ियों ने गतका, कलारीपट्टू, स्वीमिंग, बैडमिंटन, जूडो, रग्बी, फेंसिंग, वेटलिफ्टिंग, थांगता, मलखंभ, कबड्डी, कुश्ती, बास्केटबॉल, शूटिंग और बॉक्सिंग जैसे पंद्रह खेलों में शानदार प्रदर्शन किया।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने, आकाशीय बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की आशंका है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से दक्षिण छत्तीसगढ़ रहेगा।

इस बीच, राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कुछ स्थानों में आज दोपहर बाद गरज–चमक के साथ तेज बारिश हुई है।

अंबिकापुर में आज आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि, तीन अन्य लोग झुलस गए हैं।

वहीं, कोरबा जिले के सलवा गांव के छुईडोड़ा में भी आज दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से पंद्रह पशुओं की मौत हो गई।

संगीत नाटक अकादमी–आवेदन

संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली द्वारा वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए दिए जाने वाले पुरस्कारों के लिए सात जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संगीत, नृत्य, रंगमंच, पारम्परिक–लोक–आदिवासी संगीत और पपेटरी–मूक अभिनय सहित अन्य श्रेणियों में कलाकार आवेदन कर सकते हैं। आवेदक कलाकारों की आयु एक अप्रैल दो हजार पच्चीस को न्यूनतम चालीस वर्ष या अधिक होना आवश्यक है। आवेदक को संक्षिप्त बायो–डेटा, जन्म प्रमाण–पत्र की छायाप्रति, यथोचित फोटोग्राफ, उपलब्धियों के संबंध में अखबारों में प्रकाशित आलेखों की कतरनों की छायाप्रतियां जमा करनी होगी। आवेदन पत्र नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर–सत्ताईस स्थित संचालनालय संस्कृति और राजभाषा में जमा किए जा सकते हैं।

वहीं, संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली द्वारा उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार के लिए भी युवा कलाकारों से सात जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>